# साहित्य अकादेमी की प्रकाशित पुस्तक 'खोसे मारती एक युगपुरुष' का लोकार्पण

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**



साहित्य अकादेमी एवं क्यूबा गणराज्य के दूतावास के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में क्यूबा के प्रसिद्ध लेखक दार्शनिक पर हिंदी में पहली पुस्तक खोसे मारती एक युगपुरुष का लोकार्पण साहित्य अकादेमी सभागार में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारत में क्यूबा गणराज्य के राजदूत महामहिम जुआन कार्लोस मर्सान अग्यूलेरा थे। इस अवसर पर पुस्तक की संपादिका और अनुवादिका विभा मोर्य भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम के आरंभ में सभी का स्वागत साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने अंगवस्त्रम् एवं पुस्तकें भेंट करके किया। उन्होंने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि खोसे मारती अपने देश की स्वतंत्रता और समानता के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने अपने बहुत कम समय के जीवन में क्यूबा को स्वतंत्रता दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए भारत में क्यूबा गणराज्य के राजदूत महामहिम जुआन कार्लोस मर्सान अग्यूलेरा ने साहित्य अकादेमी एवं अपने पूर्व राजदूत को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बड़ा काम इन्हीं के सहयोग से ही संभव हो पाया। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि हिंदी में खोसे मारती पर पहली पुस्तक उनके जीवन और कार्यों को सबके सामने लाएगी।